Absolute India - Hindi

The Wind Industry celebrates Global Wind Day at India Habitat Cent

Date: 16/06/2016 | Edition: Mumbai | Page: 7 | Source: Bureau | Clip size (cm): W: 13 H: 13

Clip: 1 of 1

पवन ऊर्जा कारोबार को बढ़ावा देने पर जोर

नई दिल्ली ■ एजेंसी

वैश्विक पवन दिवस के मौके पर इंडियन विंड टरबाइन मैन्युफैक्चर्स एसोसिएशन (आईडब्ल्यूटीएमए) ने शक्ति सस्टेनेबल एनर्जी फाउंडेशन, द इंडियन विंड एनर्जी एसोसिएशन (इनडब्ल्यूईए) और इडम इन्फ्रास्ट्रक्चर एडवाइजरी के साथ मिलकर यहां इंडिया हैबिटेट सेंटर में विंड डिस्कशन फोरम का आयोजन किया, जिसमें पवन ऊर्जा कारोबार को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।

बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय बिजली विनियामक आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. प्रमोद देव ने की। अक्षय एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की संयुक्त सचिव वर्षा जोशी ने इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। इस में शक्ति सस्टेनेबल एनर्जी फाउंडेशन द्वारा विंड विजन 2032 और आईडब्ल्यूटीएमए द्वारा विंडर्जी इंडिया 2017 की घोषणा की गई। साथ ही इस कार्यक्रम में जनवरी 2017 में आईडब्ल्यूटीएमए द्वारा दिल्ली में तीन दिवसीय प्रदर्शनी और कॉन्फ्रेंस विंडर्जी इंडिया 2017 कार्यक्रम आयोजित कराने की घोषणा भी की गई।